**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## आज के मुख्य समाचार

- राज्य सरकार शिपकी—ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए केन्द्र से करेगी आग्रह।
- मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल तक ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के दिए निर्देश।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का किया आग्रह।
- मुख्य सचिव ने आपदा के दौरान नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को मास्टर प्लान तैयार करने के दिए निर्देश।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**
राज्य सरकार किन्नौर से शिपकी—ला के रास्ते से होकर कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केन्द्र सरकार के समक्ष उठाएंगी। ये जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में सेना के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्व है और हर वर्ष हजारों तीर्थ यात्री ये यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा राज्य सरकार केन्द्र से सिक्किम, लद्दाख और अरूणाचल प्रदेश के तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह करेगी। इसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। मुख्यमंत्री ने स्पीति घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेना से रंगरिक में एक हवाई पट्टी स्थापित करने को कहा ताकि यहां बड़े विमान उतरने में सक्षम हो सके।

**निर्देश**
मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में वित्त विभाग के साथ बैठक में उन्होंने हिमकेयर योजना के अंतर्गत आई.जी.एम.सी. शिमला, पी.जी.आई. चण्डीगढ़, टांडा मैडिकल कॉलेज के लंबित बिलों के भी जल्द भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सहारा योजना के लाभार्थियों की किस्तें जारी करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा समय—समय पर उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।

**चंबा दौरा**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा चंबा जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। ज़िला मुख्यालय पहुंचने पर आज शाम पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ संगठन को लेकर विचार—विमर्श भी किया।

**शिक्षा मंत्री**
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले में कोटखाई के उबादेश क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास किए। इनमें क्षेत्र के चमैन में अग्निशमन चौकी के भवन की आधारशिला शामिल है। इस दौरान कलबोग में आयोजित बिशू मेले के अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के अभिन्न अंग है। स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों के विकास और निर्माण के मामले में जुब्बल, नावर और कोटखाई क्षेत्र इस समय पूरे प्रदेश में पहले पायदान पर है।

**अग्निहोत्री**
उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार सामाजिक समरसता, समान अवसर और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। वे आज ऊना ज़िले में हरोली क्षेत्र के ललड़ी गांव में संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर बोल रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि डॉक्टर अम्बेदकर करोड़ों लोगों के अधिकारों की आवाज थे जिन्होंने सामाजिक

भेदभाव के विरूद्ध संघर्ष करते हुए एक न्याय संगत और समावेशी भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अम्बेदकर का जीवन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा, संघर्ष और दृढ़ निश्चय से कोई भी व्यक्ति समाज में परिवर्तन ला सकता है।

<u>शांडिल</u>

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मज़बूत प्रयास कर रही है। इन प्रयासों में जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक भी अहम भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आज सोलन ज़िले की जधाना पंचायत के कुफटू में जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के विस्तार काउंटर के शुभारंभ अवसर पर कहा कि प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार इनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

<u>मस्जिद मामला</u>

राजधानी शिमला में बहुचर्चित संजौली मस्जिद अवैध निर्माण मामले में आज नगर निगम आयुक्त की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया है। इसके अलावा बोर्ड द्वारा मस्जिद की शेष दो मंजिलों को मालिकाना हक के कागजात अदालत में पेश करने के लिए 3 मई तक का समय मांगा गया है। इस मामले में नगर निगम आयुक्त 8 मई से पहले अपना अंतिम आदेश सुनाएंगे।

——बाईट——अधिवक्ता—27''—

<u>नड्डा</u>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से खाने में तेल की मात्रा दस प्रतिशत तक कम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर भोजन को दवा के तौर पर लिया जाए तो छोटे बदलावों से बड़े परिणाम हासिल हो सकते हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगत प्रकाश नड्डा की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इस पहल को विश्व लिवर दिवस को ध्यान में रखते हुए खान—पान और स्वस्थ जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि तेल की मात्रा में कमी करने जैसे साधारण बदलाव बहुत प्रभावी हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से मोटापे के बारे में जागरूकता फैलाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में शामिल होने का आह्वान किया।

<u>मुख्य सचिव</u>

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आपदा के दौरान नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को प्लान तैयार करने की सलाह दी है। कुल्लू ज़िले के मनाली में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए तेज़ी से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पिछली दो बरसातों में कुल्लू ज़िले में काफी नुकसान हुआ था और भविष्य में भी नुकसान को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कुल्लू ज़िले के लिए स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फंड से 2 सौ करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।

<u>ब्यान</u>

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा के उन आरोपों का खंडन किया गया है जिनमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने अपने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र 2 करोड़ 34 लाख रूपये के विज्ञापन जारी किए हैं। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा मनघढ़ंत आंकड़े पेश कर मीडिया और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता काफी समय से प्रदेश सरकार को कमजोर करने और मुख्यमंत्री की छवि को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

<u>भाजपा</u>

दूसरी ओर भाजपा ने कहा है कि मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार ने नेशनल हेराल्ड न्यूज पेपर की एक कॉपी प्रिंट कर जनता के समक्ष एक और छल—कपट का खेल करने का प्रयास किया है। पार्टी प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने एक बयान में कहा कि जिस कथित अखबार को कांग्रेस ने अपना बताकर करोड़ों रूपये लुटाए हैं क्या ये समाचार पत्र डी.ए.वी.पी या सूचना व जनसम्पर्क विभाग के कोई

मानक पूरे करता है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड किसी संस्थान का नहीं है और ये केवल गांधी परिवार का राजपत्र है।

**एचआरटीसी**

राज्य पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा है कि निगम को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निगम के बेड़े में समय–समय पर नई बसें शामिल कर लाभ अर्जित करने वाले रूट आरंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल को ग्रीन स्टेट बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है और इस पहल के तहत परिवहन निगम की डीजल बसों को इलैक्ट्रिक बसों में बदला जा रहा है।

**उत्सव**

ऊना ज़िले में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव 27 से 29 अप्रैल तक कांगड़ मैदान में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 29 अप्रैल को उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि हरोली उत्सव के सफल आयोजन के लिए युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है और इसे भव्य बनाने के लिए विभिन्न विभागों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है।

**प्रवेश परीक्षा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने आज सुबह संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जे.ई.ई. मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एन.टी.ए. स्कोर प्राप्त किया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जे.ई.ई. मेन की आधिकारिक वेबसाइट–जे.ई.ई. मेन डॉट एन.टी.ए. डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 92 हजार 3 सौ 50 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। एनटीए ने 2 से 9 अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- राज्य सरकार शिपकी–ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए केन्द्र से करेगी आग्रह।
- मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल तक ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के दिए निर्देश।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का किया आग्रह।
- मुख्य सचिव ने आपदा के दौरान नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को मास्टर प्लान तैयार करने के दिए निर्देश।